दिन–सोमवार

दिनांक– 22 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज तीन लाख छियानवे हजार से अधिक प्रभावित किसानों को फसल क्षति की अनुदान राशि वितरित करेंगे।

02. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – विलुप्त हो रही आम की प्रजातियों को बचाने के लिए जिलेवार विशेष मॉडल उद्यान विकसित किये जायेंगे।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज से यूजीसी नेट– जून दो हजार छब्बीस परीक्षा का आयोजन करेगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, सुपौल और सीतामढ़ी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना में तीन लाख छियानवे हजार से अधिक किसानों को दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि वितरित करेंगे। यह राशि कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत वासंतिक–रबी दो हजार पच्चीस–छब्बीस के तहत इस वर्ष मार्च में आए आंधी–तूफान से हुई फसल क्षति के लिए दी जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश में विलुप्त हो रही आम की प्रजातियों को बचाने के लिए प्रत्येक जिले में एक विशेष मॉडल उद्यान विकसित किया जाएगा। पटना स्थित बामेती में आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह मॉडल उद्यान, उद्यान निदेशालय के माध्यम से विकसित किये जायेंगे। इस बीच, आम महोत्सव में तीन दिन के दौरान बीस लाख से अधिक आम के फल और पौधों की बिक्री हुई है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज से यूजीसी नेट जून दो हजार छब्बीस परीक्षा शुरू करेगी। यह राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा कंप्यूटर–आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में

इस महीने की तीस तारीख तक प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। एनटीए ने अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करने और परीक्षा से संबंधित सभी विवरणों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने की सलाह दी है। एजेंसी ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा दिवस से पहले अपनी परीक्षा तिथि, पाली, समय और अपने परीक्षा केंद्र की जांच अवश्य कर लेनी चाहिए। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी या पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को अपने आवंटित केंद्रों का पहले से दौरा करने की सलाह दी गई है, ताकि वे स्थान और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित हो सकें।

---

नीट–यूजी पुनर्परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न हो गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने बताया कि देशभर के पांच हजार चार सौ चालीस, जबकि विदेश के चौदह केंद्रों पर बीस लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी सहित तेरह भाषाओं में आयोजित की गई।

---

प्रदेश में कल आयोजित नीट पुनर्परीक्षा के दौरान पांच मेडिकल छात्रों समेत चौबीस लोगों को कदाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इधर, लखीसराय में फर्जीवाड़े के मामले में तीन परीक्षा केंद्रों पर कार्रवाई की गयी है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट–यूजी दो हजार छब्बीस पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के दावे को खारिज किया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में प्रश्नपत्र टेलीग्राम पर लीक होने का दावा किया गया था। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एजेंसी ने बताया कि भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ साइबर अपराध समन्वय केंद्र और अन्य एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई की जा रही है। एनटीए ने छात्रों और अभिभावकों से केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं। बोर्ड के अनुसार, सत्तासी प्रतिशत से अधिक आवेदनों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं, जबकि शेष परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना जोन से कुल ग्यारह हजार चार सौ विद्यार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के लिए आवेदन किया था। इनमें से नौ हजार चार सौ बीस विद्यार्थियों के अंकों में संशोधन किया गया है। सीबीएसई ने छात्रों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

---

भारतीय रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नये नियमों के अनुसार बे–टिकट पकड़े जाने वाले यात्रियों को अब ढाई सौ रुपये की जगह पांच सौ रुपये का जुर्माना देना होगा। वहीं, किसी पुरूष यात्री के महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी या सीट पर अनाधिकृत रूप से सफर करते हुए पाये जाने पर उस पर ढाई हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। रेलवे परिसर में फेरी लगाने या भिख मांगने पर दो हजार रुपये का जुर्माना तय किया गया है। साथ ही नशे की हालत में यात्रा करने, अभद्र व्यवहार करने या रेल परिसर में अव्यवस्था फैलाने पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से वैध टिकट के साथ ही यात्रा करने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

---

राज्य सरकार ने एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेर–बदल करते हुए बारह आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बुडको के एमडी अनिमेष कुमार पराशर को नगर विकास विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, बिहार राज्य पथ विकास निगम के एमडी सचिव शीर्षत कपिल अशोक का तबादला करते हुए उन्हें कॉम्फेड के एमडी की जिम्मेदारी दी गयी है।

---

भारतीय जनता पार्टी कल से प्रदेश के सभी एक हजार चार सौ बीस मंडलों और बावन जिलों में बूथ स्तर पर डिजिटल प्रशिक्षण अभियान चलाएगी। प्राप्त जानकारी

के अनुसार यह प्रशिक्षण राज्य के बानवे हजार बूथों पर डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को व्यापक प्रशिक्षण देने के लिए छह जुलाई तक चलाया जाएगा।

---

भोजपुर जिले के शाहपुर में पुलिस मुठभेड़ में भरत भूषण तिवारी की मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिका में इस मामले में शीर्ष अदालत से स्वतः संज्ञान लेने और मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गयी है।

इधर, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इस मुठभेड़ को न्यायहित में सही बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि परिवार के अनुसार भरत भूषण तिवारी मानसिक रूप से विक्षिप्त था। उन्होंने सवाल उठाया कि मानसिक तौर पर अस्वस्थ होने के बावजूद, उसे बंदूक क्यों दी गयी।

---

प्रदेश में मानसून के सक्रिय नहीं होने के चलते अब तक सामान्य से बयालीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। उत्तर–पूर्व भाग के जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, पटना, गया और सारण समेत दक्षिण–पश्चिम बिहार के सोलह जिलों में अब तक मानसून ने प्रवेश भी नहीं किया है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पिछले दस दिनों से मुजफ्फरपुर में रूका हुआ है। इसके कल से एक बार फिर सक्रिय होने की संभावना है। विभाग ने आज अररिया, कटिहार, सुपौल और सीतामढ़ी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। वहीं, शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

———साउंड बाइट———

हालांकि आज सुबह पटना, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय, वैशाली और सारण समेत आस–पास के जिलों में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। छपरा का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच, डेहरी का इकतालीस दशमलव दो और पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में पटना, छपरा, डेहरी और कैमूर में लू की स्थिति बनी रही। कटिहार जिले

के आजमनगर प्रखंड के कनहरिया गांव के पास वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

---

भीषण गर्मी को देखते हुए पटना, सारण और शेखपुरा जिला प्रशासन ने सत्ताईस जून तक सभी शैक्षणिक संस्थानों में आठवीं कक्षा तक पठन–पाठन गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं, भोजपुर जिला प्रशासन ने कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों में चौबीस जून तक शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

---

प्रदेश में बाढ़ अवधि के दौरान तटबंधों के मरम्मत कार्य की निगरानी की जाएगी। जल संसाधन विभाग ने इस संबंध में अभियंताओं की एक टीम का गठन किया है। विभागीय आदेश के अनुसार यह टीम न्यूनतम दस फीसदी बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की औचक जांच करेगी। मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से जांच दल को सहयोग करेंगे। ऐसा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई की जाएगी।

---

ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि आधार सेवाओं का लाभ विभाग के अंतर्गत संचालित स्थाई आधार पंजीकरण केंद्रों से प्राप्त किया जा सकता है। विभाग ने लोगों से कहा है कि वे अधिकृत स्थाई आधार पंजीकरण केंद्रों की जानकारी भवन पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। विभाग के अनुसार आधार सेवाओं से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी, शिकायत या समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर– **एक नौ चार सात** पर संपर्क कर सकते हैं।

---

बेगूसराय जिले में महिला के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने पांच नामजद अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने मामले में चकिया थाना अध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। वहीं, मधुबनी जिले के बेनीपट्टी के अधवारी में में पिछले दिनों कोर्ट कमीशनर के साथ हुई बदसलुकी के मामले में जिला पुलिस कप्तान योगन्द्र कुमार ने छह दारोगा का निलंबित कर दिया है। ये सभी घटना के समय घटना स्थल पर प्रतिनियुक्त थे।

---

रांची में आयोजित बारहवीं रैंकिंग ओपन स्पीड स्कैटिंग चैंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल उन्नीस पदक जीते हैं। इनमें पटना जिले के स्कैट्र्स ने सबसे अधिक सोलह पदक प्राप्त किये हैं।

---

खान और भूतत्व विभाग ने अवैध मिट्टी खनन और भंडारण मामले में मालसलामी थाना क्षेत्र के शरीफगंज स्थित ईंट भट्ठा संचालक पप्पू महतो और संजय महतो पर तिरपेन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने दोनों संचालकों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है – नीट यूजी पुनर्परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश। लखीसराय में दूसरे के बदले परीक्षा देते नौ मेडिकल छात्र गिरफ्तार।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पंद्रह मीटर तक निर्माण पर रोक लगेगी। सुप्रीम कोर्ट से अतिक्रमण हटाने के निर्देश के बाद पथ निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया।

दैनिक जागरण ने खेल की खबर को लीड बनाते हुए लिखा है – ग्यारह गेंदों पर अर्धशतक जड़ वैभव ने बनाया कीर्तिमान। अखबार लिखता है – युवराज सिंह का बारह गेंदों पर अर्धशतक बनाने का रिकॉड टूटा।

दैनिक भास्कर ने लिखता है – जदयू में नया दौर : चेहरा नीतीश कुमार का, पार्टी का नेतृत्व बेटे निशांत करेंगे।

आज अखबार और राष्ट्रीय सागर ने सम्राट चौधरी के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया जाएगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज तीन लाख छियानवे हजार से अधिक प्रभावित किसानों को फसल क्षति की अनुदान राशि वितरित करेंगे।

02. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – विलुप्त हो रही आम की प्रजातियों को बचाने के लिए जिलेवार विशेष मॉडल उद्यान विकसित किये जायेंगे।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज से यूजीसी नेट– जून दो हजार छब्बीस परीक्षा का आयोजन करेगी।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, सुपौल और सीतामढ़ी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।